# करेंट अफेयर्स

## 21 जनवरी 2022

### बिहार विशेष

### पटना के संजय प्रधान को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम अवार्ड

**चर्चा में क्यों**– वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन दावोस एजेंडा 2022 में 18 जनवरी, 2022 को पटना के संजय प्रधान को दुनिया भर के अन्य 14 लोगों के साथ वार्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**मुख्य बिंदु**– संजय प्रधान को यह पुरस्कार दुनिया के 78 देशों में गुड गवर्नेंस और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके किये गए बेहतरीन कार्यों को लेकर दिया गया है। वह ओपेन गवर्नमेंट पार्टनशिप नाम के अंतर्राष्ट्रीय संगठन के छह वर्षों से सीइओ हैं। 10 वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र में इसकी स्थापना हुई थी। इसके संस्थापकों में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी शामिल हैं और यह 78 देशों में सक्रिय है। वह इससे पहले 2008 से 2016 तक वर्ल्ड बैंक के वाइस प्रेसिडेंट भी रह चुके हैं।

### राष्ट्रीय

### सारथी एप

**चर्चा में क्यों**– हाल ही में बाजार नियामक संस्था भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों के लिए सारथी एप लांच किया है।

**मुख्य बिंदु**– इस एप का उद्देश्य इन्वेस्टर्स में सिक्यूरिटी मार्केट, केवाईसी प्रोसेस, ट्रेडिंग एंड सेटलमेंट, म्यूचुअल फंड, मार्केट डेवलपमेंट्स, इन्वेस्टर्स की शिकायत का निपटान आदि को लेकर जागरूकता लाना है।

**सेबी के विषय में**– भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की स्थापना भारतीय प्रतिभूति और विनिमय अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार 1992 में हुई थी। सेबी का मुख्य कार्य शेयर बाजार में निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करना है। साथ ही यह संस्था, ट्रेडर्स और निवेशकों को किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी और स्कैम के खिलाफ मदद प्रदान करती है।

### डिजिटल भुगतान सूचकांक

**चर्चा में क्यों**– हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान सूचकांक जारी किया।

**मुख्य बिंदु**– इस सूचकांक के अनुसार देश में डिजिटल भुगतान में मार्च 2021 की तुलना में सितंबर 2021 में 40% की बढ़ोत्तरी हुई है। मार्च 2021 में ऑनलाइन लेनदेन का सूचकांक माप 270.59 था, जो सितंबर 2021 में बढ़कर 304.06 हो गया। इसका आधार वर्ष 2018 था।

**डिजिटल भुगतान सूचकांक के विषय में**– इस को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी किया जाता है, जो भारत में डिजिटल मोड के माध्यम से भुगतान की गहराई को दर्शाता है।

RBI ने 2021 से अर्धवार्षिकी आधार पर चार महिने के अंतराल पर इस सूचकांक को प्रकाशित करना शुरू किया है अर्थात यह हर साल मार्च और सितंबर के लिए क्रमशः जुलाई और जनवरी में जारी किया जाता है।

### ओपन डाटा वीक

**चर्चा में क्यों**– हाल ही में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 'ओपन डाटा वीक' शुरू किया है।

**मुख्य बिंदु**– यह सप्ताह 17 जनवरी से 21 जनवरी, 2022 के बीच मनाया गया। यह देश के पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

इस सप्ताह के दौरान आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्मार्ट शहरों के बारे में उच्च गुणवत्ता वाले ब्लॉग और डेटा सेट प्रकाशित किया। डेटा को एक खुले डेटा पोर्टल में प्रकाशित किया गया।

### राज्य विशेष

### KCR KIT योजना

**चर्चा में क्यों**– तेलंगाना सरकार द्वारा KCR Kit योजना

की शुरूआत की गई है, जो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रही है।

**मुख्य बिंदु**– यह योजना माँ और नवजात बच्चे के लिए शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है। इसके तहत प्रसव के बाद माँ को KCR किट दी जाती है, जिसमें नवजात बच्चे को स्वच्छ रखने के लिए आवश्यक 16 चीजें शामिल हैं। इस योजना को 2017 में तत्कालीन चंद्रशेखर राव ने लॉन्च किया था।

## निधन

### सैटर्निनो डे ला फुएंते

**चर्चा में क्यों**– 18 जनवरी, 2022 को 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के रूप में नामित किए गए सैटनिनो डे ला फुएंते का निधन हो गया। वह 112 वर्ष के थे। वह स्पेन के उत्तर पश्चिमी शहर लियोन के रहने वाले थे।

## सुरक्षा

### सबसे बड़ा नौसैन्य अभ्यास 'मिलन'

**चर्चा में क्यों**– बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' का 2022 संस्करण 25 फरवरी को 04 मार्च तक विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाला है।

**मुख्य बिंदु**– भारतीय नौसैना के हाल में किये घोषणा के अनुसार द्विवार्षिक बहुपक्षीय अभ्यास 'मिलन' के 2022 संस्करण में 45 से अधिक देशों की नौसेनाओं की भागीदारी की संभावना है, जिससे कि यह सबसे बड़ा नौसैन्य अभ्यास होगा।

'मिलन' 1995 से भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित किया जा रहा द्विवार्षिक बहुपक्षीय कार्यक्रम है।

### INS रणवीर में विस्फोट

**चर्चा में क्यों**– 19 जनवरी, 2022 को मुंबई में नौसैन्य डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना का विध्वंसक आईएनएस रणवीर में हुए एक विस्फोट में नौसेना के तीन कर्मी शहीद हो गए और 11 अन्य घायल हो गए।

**मुख्य बिंदु**– यह दुर्घटना INS रणवीर के एक आंतरिक डिब्बे में विस्फोट के कारण हुई थी। INS रणवीर भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए पाँच राजपूत श्रेणी के विध्वंसक में से चौथा है। इसे अक्टूबर 1986 को कमीशन किया गया था।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### बृहस्पति जैसा नया ग्रह

**चर्चा में क्यों**– हाल ही में वैज्ञानिकों ने बृहस्पति जैसे एक नये ग्रह की खोज की है, जिसे TOI-2180.6 नाम दिया गया है।

**मुख्य बिंदु**– यह ग्रह बृहस्पति के आकार का है। यह पृथ्वी से 379 प्रकाश वर्ष दूर है तथा यह पृथ्वी की तुलना में 105 गुना सघन है। इसे अपने तारे की परिक्रमा करने में 261 दिन लगते हैं। यह हिलियम और हाइड्रोजन से मिलकर बना है तथा इसके सतह का तापमान 76 डिग्री सेल्सियस है। इस ग्रह के बृहस्पति के समान ही छल्ले और चंद्रमा भी हैं।

## खेल–कूद

### सानिया मिर्जा का टेनिस से सन्यास

**चर्चा में क्यों**– 19 जनवरी, 2022 को भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने सन्यास लेने की घोषणा की।

**मुख्य बिंदु**– 35 वर्ष की सानिया मिर्जा ने छह ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किए हैं जिसमें तीन मिश्रित युगल ट्राफी है। वह भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी के तौर पर सन्यास लेंगी।

उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण, अर्जुन पुरस्कार आदि से सम्मानित किया जा चुका है। 2009 में वह भारत की तरफ से ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी। 2005 में टाइम पत्रिका ने सानिया को एशिया के 50 नायकों में नामित किया था। वर्तमान में वह नवगठित भारतीय राज्य तेलंगाना की 'ब्रांड एंबेसडर' हैं।

### विराट कोहली ने वनडे में सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

**चर्चा में क्यों**– विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में वन डे सीरीज खेलते हुए विपक्षी टीम के खिलाफ उसके घर में सबसे ज्यादा 5108 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

**मुख्य बिंदु**– उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 5065 रन बनाने के वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। सचिन ने 147 मैच में ये रिकॉर्ड बनाया था। कोहली ने 108 मैच में ही यह रिकॉर्ड अपने नाम किया।

◆◆◆